# राजभवन उमंग

त्रैमासिक पत्रिका



अंक– 07 राजभवन, उत्तर प्रदेश

फरवरी, मार्च, अप्रैल 2022



उप राष्ट्रपति श्री एम० वेंकैया नायडु जी सपत्नीक श्री काशी विश्वनाथ धाम, वाराणसी के भ्रमण के दौरान, साथ में राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल।

अंक–07 राजभवन, उत्तर प्रदेश

फरवरी, मार्च, अप्रैल – 2022

# राजभवन उमंग

त्रैमासिक पत्रिका

## प्रेरणा स्रोत



श्रीमती आनंदीबेन पटेल
मा. राज्यपाल, उत्तर प्रदेश

## अनुक्रमणिका



| क्र.सं. | विषय | पेज न. |
|---|---|---|
| 1. | राजभवन में त्रिदिवसीय प्रादेशिक फल, शाक–भाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी | 1—3 |
| 2. | मा. उप राष्ट्रपति श्री एम. वेंकैया नायडु का लखनऊ, अयोध्या एवं वाराणसी भ्रमण | 4—7 |
| 3. | उत्तर प्रदेश सरकार का शपथ ग्रहण समारोह | 8—13 |
| 4 | राजभवन के कार्यक्रम | 14—22 |
| 5. | विश्वविद्यालयों में नवाचार | 23—24 |
| 6. | दीक्षान्त समारोह | 25 |
| 7. | नियुक्तियाँ | 25 |
| 8. | राजभवन से ऑनलाइन कार्यक्रम | 26—27 |
| 9. | जनपदीय भ्रमण | 28—43 |
| 10. | राज्य का भ्रमण | 43—46 |
| 11. | इन्द्रधनुष | 47—48 |
| 12. | छायाचित्रों में राजभवन | 49—52 |
| 13. | समाचार पत्रों में राजभवन | 53—54 |



**"जल जीवन का आधार है, लेकिन बहुत ही कम लोग इसके महत्व को समझते हैं। पानी की अहमियत हमें तब पता चलती है जब पानी की बहुत किल्लत होती है। पूरे विश्व में जल का स्तर धीरे–धीरे घटता जा रहा है और नदियां सूखती जा रही हैं। ये सब देखते हुए प्रकृति की इस धरोहर को बचाने और धरती पर जीवन कायम रखने के लिए जल संरक्षण में अपना सहयोग दें। मेरी अपील है कि पानी की कीमत को पहचानें और जल संरक्षण करें तथा उसके दुरूपयोग को रोकें।"**

– आनंदीबेन पटेल

# प्रधान सम्पादक की कलम से...

फरवरी, मार्च, अप्रैल 2022 त्रैमास की उमंग पत्रिका का यह अंक आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए मुझे अतीव हर्ष की अनुभूति हो रही है। इस अंक में राज्यपाल जी की प्रेरणा से राजभवन में तथा राजभवन के बाहर महिलाओं एवं बच्चों के उत्तम स्वास्थ्य एवं निरोगी जीवन के लिए किये गए प्रयासों को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया है। इसी कड़ी में सर्वाइकल कैंसर, टी.बी. की बीमारी, महिलाओं में एनीमिया तथा बच्चों में कुपोषण आदि पर किये गए जागरूकता कार्यक्रमों को भी पत्रिका में स्थान देकर जन सामान्य को जागरूक करने का प्रयास किया गया है।

राजभवन में आयोजित पुष्प प्रदर्शनी दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र रही। प्रदर्शनी का लगभग एक लाख से अधिक दर्शकों ने अवलोकन किया। इसके साथ ही माननीय उपराष्ट्रपति श्री एम. वेंकैया नायडु जी का उत्तर प्रदेश भ्रमण व राजभवन का आतिथ्य, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का उत्तर प्रदेश आगमन व सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में सहभगिता तथा नव निर्वाचित उत्तर प्रदेश सरकार का शपथ ग्रहण समारोह भी पत्रिका का आकर्षण है।

प्रदेश की उच्च शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण व सशक्त बनाने हेतु विश्वविद्यालयों में नवाचार, नैक तैयारियों की समीक्षा तथा नैक में प्रभावी सहभागिता के लिए दो दिवसीय कार्यशाला को भी उमंग पत्रिका में स्थान मिला है। इसके साथ ही इस अंक में आपको राज्यपाल जी की जनपद तथा अन्य राज्यों के भ्रमण के दौरान की विभिन्न गतिविधियों को भी देखने अवसर मिलेगा।

राज्यपाल जी की प्रेरणा से राजभवन में परम्परागत खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें राजभवन में रह रहे परिवारों के बच्चों, महिलाओं व राजभवन के कर्मचारियों ने बढ़—चढ़कर हिस्सा लिया। विलुप्त हो रहे खेलों को पुनर्जीवित करने की इस अनूठी शुरूआत भी आपको इस अंक में देखने को मिलेगी।

इस प्रकार यह अंक बहुरंगी एवं बहु आयामी है इसमें विविध विषयों को समेटने का प्रयास किया गया है। मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि यह अंक आपको अवश्य पसन्द आएगा। मैं आभारी हूँ राम मनोहर त्रिपाठी सहायक निदेशक सूचना राजभवन तथा उनकी पूरी टीम का जिनके सहयोग से विभिन्न विषयों को पत्रिका का स्वरूप दिया जा सका।

**महेश कुमार गुप्ता**
प्रधान सम्पादक

# राजभवन में त्रिदिवसीय प्रादेशिक फल, शाक-भाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी

**राजभवन : 4-6 मार्च, 2022**



**प्रादेशिक फल, शाक-भाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी का शुभारम्भ करते हुए माननीय राज्यपाल**

- राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से 4 से 6 मार्च, 2022 तक त्रिदिवसीय प्रादेशिक फल, शाक-भाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी का राजभवन, लखनऊ में आयोजन, जिसमें प्रदेश भर से आये 1,758 प्रतिभागियों द्वारा कुल 6,817 प्रदर्शों का प्रदर्शन, 13 प्रगतिशील कृषकों को सम्मान तथा 1 लाख से अधिक दर्शकों द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन।

- प्रदर्शनी में प्रदेश में स्थापित भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार से वित्त पोषित संस्थाओं/विभागों, कृषि विश्वविद्यालयों तथा प्राइवेट संस्थानों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त महिलाओं, बच्चों एवं मालियों के लिए विभिन्न वर्गों की प्रतियोगिताओं का आयोजन।

- प्रदर्शनी में सर्वाधिक 139 अंक प्राप्त करने के लिये अधीक्षक राजभवन उद्यान को अतिविशिष्ट चल बैजयन्ती



तथा 11 हजार रूपये का नकद पुरस्कार, जबकि 73 अंको के साथ व्यक्तिगत वर्ग में लामार्टीनियर कॉलेज को चल कप व 51 हजार रूपये का नकद पुरस्कार, 66 अंको के साथ प्रतियोगी संख्या 157 को चल कप व 31 हजार की नगद पुरस्कार तथा 59 अंको के साथ प्रतियोगी संख्या 168 को चल कप व 11 हजार रूपये का नकद पुरस्कार।

❖ 4 से 9 वर्ष आयु वर्ग में कलात्मक पुष्प सज्जा के लिये प्रथम पुरस्कार पाने वालों में संस्कृति टण्डन, यश दीक्षित, माडल मान्टेसरी, प्रतिष्ठा धुसिया आदि शामिल।





प्रदर्शनी में उत्कर्ष प्रदर्श के लिए बच्चे को सम्मानित करते हुए राज्यपाल जी।



अधीक्षक राजभवन उद्यान को प्रथम पुरस्कार चल बैजयन्ती से सम्मानित करते हुए मा. राज्यपाल



प्रदर्शनी में पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों के साथ मा. राज्यपाल जी।

# पुष्प प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा बनायी गयी कलात्मक पुष्प सज्जा


















# मा0 उप राष्ट्रपति श्री एम0 वेंकैया नायडु जी का लखनऊ, अयोध्या एवं वाराणसी भ्रमण

राजभवन : 14 अप्रैल, 2022




मा0 उप राष्ट्रपति श्री एम0 वेंकैया नायडु का सपत्नीक लखनऊ आगमन पर अमौसी एअर पोर्ट पर पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए मा0 राज्यपाल एवं मा0 मुख्यमंत्री।



मा. उपराष्ट्रपति जी एवं उनकी धर्मपत्नी के विवाह की 52वीं वर्षगांठ पर राजभवन में आयोजित बधाई कार्यक्रम में मा. राज्यपाल, मा. मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्रीगण एवं मंत्रिमण्डल के सदस्यगण।

अयोध्या 15 अप्रैल,2022



जनपद अयोध्या में भगवान श्रीरामलला का दर्शन–पूजन करते हुए उप राष्ट्रपति श्री एम. वेंकैया नायडु जी एवं उनकी पत्नी



मा0 उप राष्ट्रपति जी व उनकी पत्नी श्रीमती एम. उषा नायडु एवं मा. राज्यपाल जनपद अयोध्या में सरयू घाट पर पूजा–अर्चना करते हुए।



माननीय उप राष्ट्रपति श्री एम0 वेंकैया नायडु व उनकी पत्नी श्रीमती एम0 उषा नायडु तथा राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने वाराणसी के पड़ाव स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति उपवन में 3D मॉडल का अवलोकरन करते हुए।

माननीय उप राष्ट्रपति श्री एम0 वेंकैया नायडु व उनकी पत्नी श्रीमती एम0 उषा नायडु तथा राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल श्री काशी विश्वनाथ मंदिर, वाराणसी में पूजन–अर्चन करते हुए।





राजभवन में उपराष्ट्रपति श्री एम. वेंकैया नायडु जी व उनकी पत्नी श्रीमती एम. उषा नायडु, राज्यपाल



राजभवन में उपराष्ट्रपति श्री एम. वेंकैया नायडू जी व उनकी पत्नी श्रीमती एम. उषा नायडू,
राज्यपाल श्रीमती आनन्दीबेन पटेल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ राजभवन के अधिकारी

राजभवन : 14 अप्रैल, 2022



श्रीमती आनन्दीबेन पटेल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ प्रदेश मंत्रिमण्डल के सदस्य

राजभवन : 15 अप्रैल, 2022



राजभवन में उपराष्ट्रपति श्री एम. वेंकैया नायडू जी व उनकी पत्नी श्रीमती एम. उषा नायडू,
राज्यपाल श्रीमती आनन्दीबेन पटेल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ राजभवन के चतुर्थ श्रेणी कर्मी

# उत्तर प्रदेश सरकार का




उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी सहित कई विशिष्ट जनों की



भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम लखनऊ में उत्तर प्रदेश सरकार के नए मंत्रिमण्डल के शपथ

# शपथ ग्रहण समारोह

लखनऊ : 25 मार्च, 2022



मौजूदगी में योगी आदित्यनाथ तथा उनके 52 सदस्यीय मंत्रिमण्डल को पद एवं गोपनियता की शपथ दिलाई।



ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और राज्यपाल श्री आनंदीबेन पटेल समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद।

## राज्यपाल श्री आनंदीबेन पटेल मंत्रियों को शपथ दिलाते हुए






उप मुख्यमंत्री
श्री केशव प्रसाद मौर्य



उप मुख्यमंत्री
श्री बृजेश पाठक



श्री लक्ष्मीनारायण चौधरी



श्री जयवीर सिंह



श्री जितिन प्रसाद



श्री राकेश सचान

# शपथ लेते हुए मंत्रिगण

## कैबिनेट मंत्री



श्री सूर्य प्रताप शाही



श्री सुरेश कुमार खन्ना



श्री स्वतंत्र देव सिंह



श्री बेबीरानी मौर्य



श्री धर्मपाल सिंह



श्री नंद गोपाल गुप्ता



श्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी



श्री अनिल राजभर



श्री अरविन्द कुमार शर्मा



श्री योगेन्द्र उपाध्याय



श्री अशीष पटेल



श्री संजय निषाद

राज्यपाल श्री आनंदीबेन पटेल मंत्रियों को शपथ दिलाते हुए




## राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)



श्री कपिल देव अग्रवाल, श्री नितिन अग्रवाल



श्री दयाशंकर सिंह, श्री जेपीएस राठौर



श्री मनोहर लाल, श्री जसवंत सैनी,
श्री अजीत पाल, श्री रामकेश निषाद

# शपथ लेते हुए मंत्रिगण



श्री रबीन्द्र जायसवाल, श्री संदीप सिंह



श्री गिरीश चन्द्र यादव, श्री गुलाब देवी



श्री धर्मवीर प्रजापति, श्री असीम अरुण

## राज्य मंत्री



श्री नरेन्द कश्यप, दिनेश प्रताप सिंह



श्री दयाशंकर मिश्र, श्री अरुण सक्सेना



श्री संजीव गोंड, श्री दिनेश खटीक,
श्री मयंकेश्वर सिंह, श्रीबलदेव सिंह



श्री संजय गंगवार, श्री बृजेश सिंह,
श्री केपी मलिक, श्री सुरेश राही



श्री राकेश राठौर, श्री अनूप प्रधान,
श्री सोमेन्द्र तोमर, श्री प्रतिभा शुक्ला



श्री सतीश शर्मा, श्री रजनी तिवारी,
श्री विजय लक्ष्मी गौतम, श्री दानिश आजाद अंसारी

# राजभवन में अनुपम मिशन मोगरी, गुजरात के सौजन्य से ज्ञान चर्चा कार्यक्रम

राजभवन : 13 फरवरी, 2022



राजभवन में आयोजित ज्ञान चर्चा कार्यक्रम में प्रवचन करते हुए परम पूज्य श्री साहेब जी महाराज,
संत गुरू साहिबदास साथ में राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

''महापुरूषों के दर्शन कर उनके द्वारा दी गयी सीख को आत्मसात करते हुये सेवा-भाव से नये भारत का निर्माण करें और संकल्प लें कि हम अपने समाज को एक आदर्श समाज बनायेंगे और स्वयं से पूछें कि मैं अच्छा क्या कर सकता हूँ, कैसे कर सकता हूं, इससे मुझे तथा देश को क्या फायदा होगा। जब हमारे युवा ऐसा सोचेंगे तो देश आगे बढ़ेगा, आपसी वार्तालाप, विचार विमर्श से नये-नये विचार, नया ज्ञान तथा नयी सोच विकसित होती है सही दिशा एवं मार्ग दर्शन देने का कार्य हमारे संत महापुरूष करते है।''

श्रीमती आनंदीबेन पटेल

''सत्संग सत्य एवं परमात्मा की बाते सुनकर उन्हें आत्मसात करते हुये जीवन में उतारना ही सुखी एवं समृद्ध जीवन का मार्ग है। सुख, दु:ख जीवन के विकल्प हैं ये आते-जाते रहते है। भगवान एवं संत पुरूष व साधु संतों की संगति से हमारी आत्मा शुद्ध होती है। इससे हमारे जीवन में आनंद आता है। तीर्थयात्रा, पदयात्रा, ऋषियों के सानिध्य तथा संत सानिध्य ऐसे मंत्र है जिनसे हम सन्मार्ग की ओर आगे बढ़ते है। इसलिये हम सत्कर्म करें अपने अच्छे कर्म से अपना हृदय परिवर्तन कर दीन, दुखियों, असहायों, जरूरतमंदों की मदद करें तथा भटके हुये लोगों को सही मार्ग पर लाने के लिये प्रयास करें।''

परम पूज्य श्री साहेब जी महाराज

# केन्द्रीय बजट 2022-23 के परिप्रेक्ष्य में शिक्षा विभाग का प्रस्तुतीकरण

**राजभवन : 18 फरवरी, 2022**

- राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा राजभवन में केन्द्रीय बजट 2022-23 के परिप्रेक्ष्य में शिक्षा विभाग के बजट के माध्यम से उत्तर प्रदेश को विश्वस्तरीय शिक्षा हब के रूप में विकसित करने, केन्द्रीय बजट के निर्धारित मानक डिजिटल विश्वविद्यालय, रोजगारपरक शिक्षा, कौशल विकास और उद्योगों की बदलती जरूरतों से जुड़ी शिक्षा, वर्चुअल लैब्स तथा स्किलिंग ई-लैब्स, प्रधानमंत्री ई विद्या तथा डिजिटल इकोसिस्टम आदि से सम्बन्धित बिंदुओं पर गहन समीक्षा।
- माध्यमिक एवं बेसिक शिक्षा स्कूलों में शिक्षक एवं विद्यार्थियों के अनुपात का ध्यान रखने, तबादला पॉलिसी को सख्त रखने का निर्देश।



**राज्यपाल जी के समक्ष केन्द्रीय बजट 2022-23 पर शिक्षा विभाग का प्रस्तुतीकरण**

# राजभवन में ट्रैक सूट वितरण

**5 मार्च, 2022**





**राज्यपाल जी की प्रेरणा से राजभवन परिसर में रह रहे परिवारों के 79 बच्चों को ट्रैक सूट का वितरण।**

## नि:शुल्क एच0पी0वी0 टीकाकरण व सर्वाइकल कैंसर जागरूकता शिविर का शुभारम्भ

**राजभवन : 7 मार्च, 2022**

❖ राज्यपाल जी की प्रेरणा से राजभवन, लखनऊ में डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ द्वारा एकम् फाउण्डेशन के सहयोग से सर्वाइकल कैंसर जागरूकता एवं रोकथाम विषयक अभियान का शुभारम्भ।

❖ इस अवसर पर राजभवन में आवासित परिवारों की 200 बच्चियों एवं महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु एच0पी0वी0 (ह्यूमन पेपीलोमा वायरस) टीकाकरण तथा पुस्तक 'सर्वाइकल कैंसर और एच.पी.वी. टीकाकरण–तथ्य एवं जानकारी' का विमोचन।



राजभवन में एच0पी0वी0 (ह्यूमन पेपीलोमा वायरस)टीकाकरण




पुस्तक का विमोचन करते हुए मा0 राज्यपाल एवं अन्य।

## स्वैच्छिक प्लेटलेट्स दान जागरूकता शिविर का आयोजन

**राजभवन : 14 मार्च, 2022**

राज्यपाल जी की प्रेरणा से राजभवन में डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ के तत्वावधान में स्वैच्छिक प्लेटलेट्स दान जागरूकता शिविर का आयोजन तथा शिविर में 165 रक्तदाताओं का पंजीकरण।



राजभवन में आयोजित शिविर में रक्तदान करते हुए



प्लेटलेट्स डोनर कार्ड प्राप्त करने वालों के साथ मा0 राज्यपाल।

# राजभवन में होलिकोत्सव

**राजभवन : 17 मार्च, 2022**

होली के पावन पर्व पर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल को राजभवन के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा बच्चों ने होली की बधाई दी।



**मा0 राज्यपाल को होली पर्व की बधाई देते हुए राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री महेश कुमार गुप्ता।**



**होली के अवसर पर राजभवन में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों को उपहार एवं मिष्ठान वितरित कर उन्हें बधाई देते हुए मा0 राज्यपाल।**





**राजभवन के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं बच्चों ने मा0 राज्यपाल से भेंट कर होली की बधाई दी।**

## राजभवन के दैनिक वेतन भोगी महिला श्रमिकों को साड़ियों का वितरण

**राजभवन : 07 मार्च, 2022**



अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में राजभवन में कार्यरत 37 दैनिक वेतन भोगी महिला श्रमिकों को मा0 राज्यपाल ने साड़ियों का वितरण किया।

## मा0 प्रधानमंत्री के ''परीक्षा पे चर्चा'' कार्यक्रम में राजभवन की आनलाइन सहभागिता

**राजभवन : 01 अप्रैल, 2022**

- माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के विद्यार्थियों संग "परीक्षा पे चर्चा-2022" कार्यक्रम में राजभवन, लखनऊ से प्राथमिक विद्यालय राजभवन, जवाहर नवोदय विद्यालय, पिपरसंड, ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा राजभवन के अधिकारियों ने आनलाइन सहभागिता की।



"परीक्षा पे चर्चा-2022" कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सुपर टिप्स देते हुए मा0 प्रधानमंत्री जी।

# राजभवन में राष्ट्रीय टी.बी. उन्मूलन कार्यक्रम की विभिन्न योजनाओं का शुभारम्भ

**राजभवन: 24 मार्च, 2022**

- विश्व क्षयरोग दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत राजभवन में विभिन्न परियोजनाओं का डिजिटल शुभारम्भ।
- प्रदेश स्तर पर 84 हजार से अधिक क्षय रोगियों को पोषण एवं चिकित्सा सहायता प्रदान करवाने के लिए गोद लिया गया।
- राज्यपाल जी ने 04 क्षयरोग ग्रस्त बच्चों को मेडिकल किट, 25 बच्चों को पोषण सामग्री प्रदान की।
- क्षय रोगियों को गोद लेने में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 10 संस्थाओं एवं प्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।




राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मा0 राज्यपाल।



टी.बी. ग्रस्त बच्चों को मेडिकल किट एवं पोषण सामग्री प्रदान करते हुए मा0 राज्यपाल।




टी.बी. उन्मूलन की विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण करते हुए राज्यपाल जी।

''एक टी.बी. ग्रस्त बच्चा जब उचित पोषण और चिकित्सा प्राप्त करता है तो मात्र छः माह में स्वस्थ हो जाता है। यदि बड़े स्तर पर संस्थाएं, समर्थ नागरिक, अधिकारी आगे आकर इस कार्य से जुड़ जाएं तो प्रदेश बहुत ही कम समय में टी.बी. मुक्त हो जायेगा।''

–आनंदीबेन पटेल

# सोनभद्र के वनवासी समुदाय के हित संरक्षण हेतु समीक्षा बैठक

**राजभवनः 19 अप्रैल, 2022**

- ❖ परम्परागत वन निवासियों और अनुसूचित जनजातियों के हितों के संरक्षण और संवर्द्धन के लिए लागू वनाधिकारों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सेवा समर्पण संस्थान के पदाधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों की राजभवन में समीक्षा बैठक।
- ❖ सभी संबंधित विभागों के अधिकारी अभियान चलाकर तालमेल एवं सामंजस्य से वनभूमि कब्जे के दावों का मौके पर सत्यापन कर निस्तारण करें।
- ❖ अधिकारियों से ग्राम समिति के साथ भौतिक सत्यापन करने का निर्देश।
- ❖ सोनभद्र के सर्वाधिक लम्बित प्रकरणों की समीक्षा एवं सोनभद्र की तहसील दुद्धी के एस.डी.एम. द्वारा प्रस्तुत कार्य योजना का विशेष अवलोकन तथा अपने आगामी भौतिक निरीक्षण तक योजनावार कार्यपूर्ति का निर्देश।




जनपद सोनभद्र के वनवासी समुदाय के हितों के संरक्षण हेतु बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्यपाल जी।

''वनवासियों और अनुसूचित जनजातियों के हित में अभियान चलाकर परिणाम दायी कार्य करने की आवश्यकता है, जिससे वनवासी एवं अनुसूचित जनजाति के लाभार्थी समय से अपना अधिकार प्राप्त कर सकें। केन्द्र एवं प्रदेश सरकार वनवासियों एवं अनुसूचित जनजाति के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही हैं, उसका उन्हें शत-प्रतिशत लाभ मिलना चाहिए।''

–श्रीमती आनंदीबेन पटेल

# राजभवन परम्परागत खेल प्रतियोगिता 2022 के विजयी खिलाड़ियों का सम्मान

**राजभवनः 20 अप्रैल, 2022**

- मा. राज्यपाल ने राजभवन में 'राजभवन परम्परागत खेल प्रतियोगिता 2022' के विभिन्न खेलों के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।
- प्रतियोगिता में खो-खो, कबड्डी, गेंदतड़ी, गिल्ली-डण्डा, किंग, लंगड़ी, कंचा-गोली, रस्सी कूद, लट्टू, गोला फेंक लम्बी कूद, 100 मी0 दौड तथा स्लो साइकलिंग रेस का आयोजन हुआ तथा कुल 495 प्रतिभागियों ने सहभाग किया।

















**खेल प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों के साथ मा0 राज्यपाल जी।**

## राज्य विश्वविद्यालयों में शिक्षक भर्ती एवं प्रोन्नति समीक्षा बैठक

**राजभवनः 20 अप्रैल, 2022**

- रिक्त पदों के सापेक्ष शिक्षकों की सीधी भर्ती, वरिष्ठता सूची तथा कैरियर एडवांसमेंट स्कीम (सी.ए.एस.) के अंतर्गत शिक्षकों की प्रोन्नति पर नियमानुसार कार्य करने के निर्देश।
- नियुक्तियों में पूर्ण पारदर्शिता एवं समयबद्धता का कड़ाई से पालन हो।




**समस्त विश्वविद्यालयों के शिक्षकों के प्रकरण के संबंध में बैठक की अध्यक्षता करते हुए मा0 राज्यपाल।**

## ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के नैक मूल्यांकन की तैयारियों की समीक्षा

**लखनऊः 27 अप्रैल, 2022**

- नैक मूल्यांकन के लिए नैक के जो मानक निर्धारित हैं उसी के अनुसार सभी बिन्दुओं पर जिम्मेदारियों का विभाजन करते हुए व्यवस्था बनाएं।
- विश्वविद्यालय शोध विषयों में नवीनता लाएं तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं से उत्पन्न सामाजिक बदलावों को शोध का विषय बनाकर केन्द्र से अच्छी ग्रान्ट भी प्राप्त करने का प्रयास करें।
- विश्वविद्यालय नैक मूल्यांकन हेतु अन्य संस्थानों की व्यवस्थाओं का अवलोकन कर अपने संस्थान को बेहतर बनाने के साथ उच्चतम श्रेणी के लिए प्रयास करें।



**नैक मूल्यांकन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए मा. राज्यपाल**

# प्रदेश के समस्त कुलपतियों के साथ विश्वविद्यालयों में नवाचार के संबंध में बैठक

राजभवन : 24 फरवरी, 2022

- विश्वविद्यालय क्षेत्रीय जनता की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर शोध करें।
- तकनीकी स्तर तथा प्रशासनिक विविधताओं के समाधान के लिए एक-दूसरे का सहयोग करने का निर्देश।
- विश्वविद्यालयों में अनावश्यक खर्चों में कटौती करने, डिजिटलाइजेशन को बढ़ावा देकर अनावश्यक पद समाप्त करने, अनावश्यक नये भवनों का निर्माण न करने का निर्देश।
- बिजली तथा संसाधन पर व्यय की बचत के उद्देश्य से एक ही भवन को शिफ्ट में कई कार्यों में उपयोग करें।



विश्वविद्यालयों में हो रहे नवाचारों के संबंध में आयोजित प्रस्तुतीकरण बैठक में कुलपतियों से चर्चा करते हुए मा0 राज्यपाल।

## प्रदेश के समस्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालयों में नवाचार

10 मार्च, 2022

- व्यावसायिक लाभ देने वाले और आत्मनिर्भरता को बढ़ाने वाले सभी नवाचार शीर्ष प्राथमिकता से प्रारम्भ किये जाएं तथा अपने संसाधनों का बहुउद्देशीय प्रयोग और तकनीकी क्षमताओं का विस्तााार करके मानव श्रम की आवश्यकताओं को घटाएं।
- कृषि एवं उसके अपशिष्ट के अधिकतम व्यावसायिक उपयोग को सुनिश्चित करने की दिशा में क्षमता संवर्द्धन विकसित करने पर जोर।
- प्रदेश में निर्यात किये जा सकने वाले कृषि उत्पादनों में भी बहुउपयोगिता बढ़ाने पर जोर।
- खेती के तौर-तरीकों में विश्वस्तर पर आ रहे लाभकारी परिवर्तनों का अध्ययन करने तथा कम जमीन में अधिक उत्पादन की प्रचलित विधियों से किसानों को अवगत कराने के निर्देश।

## प्रदेश के समस्त चिकित्सा विश्वविद्यालय एवं संस्थानों में नवाचार

11 मार्च, 2022




चिकित्सा संस्थान एवं विश्वविद्यालयों में हो रहे नवाचारों के संबंध में मा0 राज्यपाल जी के समक्ष प्रस्तुतीकरण।

- ❖ चिकित्सा विश्वविद्यालय मरीजों और तीमारदारों की सुविधाओं और व्यवस्थाओं को आसान करने, गम्भीर रोगियों को शीघ्र और निकटतम चिकित्सालय पर चिकित्सा उपलब्ध कराने की व्यवस्था पर ध्यान दें।
- ❖ चिकित्सा विश्वविद्यालयों तथा संस्थानों में आई0सी0यू0 में भर्ती मरीजों की स्थिति की जानकारी, टेस्टिंग लैब में मरीजों की क्रम सं0, बिलिंग काउंटर पर टोकन नं0 प्रदर्शित करने वाले रनिंग डिस्पले बोर्ड की व्यवस्था हो।
- ❖ चिकित्सालयों में नवीन व्यवस्थाओं, उपकरणों जांच सुविधाओं की वृद्धि करें तथा यथासम्भव व्यवस्थाएं पी0पी0पी0 मोड पर चलाएं।
- ❖ संस्थान में विकसित नवीन और बेहतर जनोपयोगी चिकित्सा विधियों को अन्य विश्वविद्यालयों से भी साझा करें, इससे बड़े स्तर पर प्रदेश की जनता को लाभ होगा।

## प्रदेश के समस्त प्राविधिक विश्वविद्यालय में नवाचार

23 मार्च 2022



प्राविधिक विश्वविद्यालयों में हो रहे नवाचारों के संबंध में कुलाधिपति जी के समक्ष प्रस्तुतीकरण।

- ❖ विश्वविद्यालय नये आविष्कारों के लिए परस्पर प्रतिस्पर्धा का आयोजन करें।
- ❖ विश्वविद्यालयों को इलेक्ट्रॉनिक वाहनों के चार्जिंग सिस्टम के विकास पर कार्य करने का सुझाव।
- ❖ शहरों में ट्रैफिक का सुगम संचालन और जनता के शौचालयों की सफाई पर विशेष ध्यान केन्द्रित किये जाने की आवश्यकता।
- ❖ आविष्कार कार्यों को शिक्षकों तक सीमित न रखकर उसमें विद्यार्थियों की प्रतिभागिता बढ़ाएं तथा शहर की समस्या के निराकरण से जुड़ा प्रोजेक्ट बनाएं।
- ❖ सरकार की योजनाओं से संबंधित उपयोगी प्रोजेक्ट बनाने, पुराने छात्रों का संस्थान में सहायोग बढ़ाने, लघु एवं ग्रामीण उद्योगों को सहयोग देने वाली तकनीकियों को विकसित करने, तकनीक से लाभ लेकर विकसित हुए उद्योगों का प्रदर्शन करने जैसे अन्य विविध विषयों पर सुझाव।

# विश्वविद्यालयों के दीक्षान्त समारोह

**राजभवन : 21 फरवरी एवं 22, 29 मार्च 2022**

| क्रम | विश्वविद्यालय का नाम | दिनांक | पदक एवं उपाधि का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गौ अनुसंधान संस्थान मथुरा | 21.02.2022 | पदक : 14 उपाधि : 118<br>पीएचडी. : 12 |
| 2 | ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ | 22.03.2022 | पदक : 93 उपाधि : 734 |
| 3 | डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा | 29.03.2022 | पदक : 169 उपाधि : 1,22,110 |










## मा. राज्यपाल द्वारा नियुक्त किए गए कुलपति

| क्रम | विश्वविद्यालय का नाम | नवनियुक्त कुलपति | नियुक्ति की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ | प्रो0 नरेन्द्र बहादुर सिंह, | 12.03.2022 |
| 2 | पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गौ अनुसंधान संस्थान मथुरा | प्रो0 ए. के. श्रीवास्तव | 27.03.2022 |

## चौरी–चौरा शताब्दी महोत्सव

**राजभवन : 4 फरवरी, 2022**

❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने गोरखपुर में आयोजित ''चौरी–चौरा शताब्दी'' महोत्सव के समापन समारोह में राजभवन से वर्चुअली सहभागिता करते हुए शहीद स्मारक चौरी–चौरा को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में लोकप्रिय बनाने की अपेक्षा की और कहा कि विद्यार्थियों और शिक्षकों को पठन–पाठन के अलावा शहीद स्मारकों एवं स्थलों का टूर भी करना चाहिए, जिससे वे अपने प्रदेश के अल्प ज्ञात गौरव को जान सकें और याद रख सकें।




**गोरखपुर में आयोजित "चौरी–चौरा शताब्दी" महोत्सव के समापन समारोह में राजभवन से वर्चुअली अपने विचार रखते हुए मा0 राज्यपाल।**

## प्रयागराज में 73वें हिन्दी साहित्य सम्मेलन का आयोजन

**राजभवन : 12 मार्च, 2022**




**प्रयागराज में आयोजित हिन्दी साहित्य सम्मेलन में राजभवन से ऑनलाइन अपने विचार रखते हुए राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल।**

**'हिन्दी के समग्र विकास के लिए इसे देश की तकनीकी और चिकित्सा शिक्षा से जोड़ना चाहिए। शिक्षक, शिक्षाविद् और शिक्षा जगत से जुड़े प्रबंधक सभी इस दिशा में सकारात्मक सोच के साथ प्रयास करें।'**

**–आनंदीबेन पटेल**

# टी.बी. मुक्त भारत कार्यक्रम

राजभवन: 24 मार्च, 2022

- उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने विश्व क्षय रोग दिवस पर विज्ञान भवन, नई दिल्ली में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित टी.बी. मुक्त भारत कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राजभवन से ऑनलाइन सहभागिता की।
- टी.बी. मुक्ति में प्राप्त सफलता तथा भारत में टी.बी. मुक्ति के लिए किए गए कार्यों पर निर्मित दो वीडियो का रिमोट दबाकर विमोचन।
- "इण्डिया टी.बी. रिपोर्ट-2022" तथा "नेशनल टी.बी. प्रीवलेंस सर्वे रिपोर्ट" का अनावरण।



टी.बी. मुक्त भारत कार्यक्रम में राजभवन से ऑनलाइन अपने विचार रखते हुए मा0 राज्यपाल।




टी.बी. मुक्ति के लिए किए गए कार्यों पर निर्मित वीडियो का विमोचन करते हुए मा0 राज्यपाल जी

''उत्तर प्रदेश में टी0बी0 उन्मूलन के प्रयासों में तेजी लाने के उद्देश्य से 14 अगस्त, 2019 को राजभवन द्वारा क्षय रोगियों को गोद लेने की पहल की गयी और 25 अगस्त को राजभवन के अधिकारियों द्वारा क्षयरोग से ग्रसित 21 बच्चों को गोद लिया गया। सभी शैक्षणिक संस्थानों, कारपोरेट जगत, टी0बी0 एसोसिएशन, रेडक्रास सोसाइटी और समाज सेवी संगठनों से टी0बी0 रोगियों को गोद लेने का आह्वान किया, जिसका सभी स्वयं सेवी संगठनों पर सकारात्मक प्रभाव हुआ और सबने अपनी-अपनी क्षमता के अनुसार टी0बी0 रोगियों को गोद लिया। वर्ष 2021 में प्रदेश में लगभग चार लाख पचपन हजार क्षय रोगियों को चिन्हित कर उपचार एवं अन्य सुविधाएं प्रदान की गयीं। प्रदेश में वर्ष 2021 में टी0बी0 के इलाज की सफलता दर बढ़कर 84 प्रतिशत हो गई है।'' -आनंदीबेन पटेल

# आजादी का अमृत महोत्सव

**लखनऊः 10 फरवरी, 2022**



देश रक्षा में शहीद वीर जवान के परिजनों को सम्मानित करते हुए मा0 राज्यपाल।

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में सरस्वती कुंज, निराला नगर, लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में देश की रक्षा में शहीद हुए प्रदेश के वीर जवानों के परिजनों को सम्मानित किया। इस अवसर पर परमवीर चक्र विजेता कैप्टन योगेन्द्र सिंह यादव के शौर्य पर बनी डाक्यूमेंट्री का भी शुभारम्भ किया।



सरस्वती कुंज, निराला नगर, लखनऊ में आजादी के अमृत महोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मा0 राज्यपाल।

''स्वाधीनता संग्राम में ऐसे कितने आंदोलन हैं, कितने ही संघर्ष हैं जो देश के सामने उस रूप में नहीं आए जैसे आने चाहिए थे। आज राष्ट्रीय आन्दोलन के आधारभूत मूल्यों, स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग एवं बलिदान को जन-जन विशेषकर विद्यार्थियों, युवाओं तक पहुंचाये जाने की आवश्यकता है। राष्ट्रीय आन्दोलन की अनसुनी घटनाओं, अनाम शहीदों को उजागर किये जाने की आवश्यकता है, ताकि हमारे युवाओं को पता चले कि देश को स्वाधीनता कितने संघर्षों से प्राप्त हुई। अब हमें नए संकल्पों के साथ आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को साकार करना है।''

-आनंदीबेन पटेल

# अमूल बनास डेयरी प्लान्ट का भ्रमण

**लखनऊः 18 फरवरी, 2022**

❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने सी.जी.सिटी (चक गजरिया) सुल्तानपुर रोड, लखनऊ स्थित अमूल बनास डेयरी फार्म के दुग्ध प्लांट का निरीक्षण किया तथा दुग्ध उत्पादन, दुग्ध कलेक्शन सेंटर से लेकर पैकिंग तथा मार्केटिंग तक की सम्पूर्ण प्रक्रिया की जानकारी वहाँ पर तैनात अधिकारियों और तकनीकी विशेषज्ञों से प्राप्त की। साथ ही बनास डेरी परिसर में पीपल का पौधा रोपित किया तथा डेयरी प्रबंधन ने राज्यपाल जी को स्मृति चिन्ह भेंट किया।



अमूल बनास डेयरी के उत्पादों का अवलोकन करते हुए मा0 राज्यपाल।



अमूल बनास डेरी परिसर में पीपल का पौधा रोपित करते हुए मा0 राज्यपाल।

# वूमेन अचीवर्स एवार्ड समारोह

**लखनऊः 16 मार्च, 2022**

❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा लखनऊ स्थित अंसल गोल्फ सिटी में अमर उजाला समूह द्वारा आयोजित वूमेन अचीवर्स एवार्ड समारोह में सहभागिता।

❖ विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 15 महिलाओं को सम्मान तथा कुंवर ग्लोबल स्कूल, लखनऊ के बच्चों को उपहार वितरण।




वूमेन अचीवर्स एवार्ड से सम्मानित महिलाओं के साथ मा0 राज्यपाल।



मा0 राज्यपाल कुंवर ग्लोबल स्कूल, लखनऊ के बच्चों को उपहार वितरित करते हुए

# महिला अध्ययन केन्द्र, के0जी0एम0यू0 में 'अन्तर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह' का आयोजन

**लखनऊ: 06 मार्च, 2022**

❖ किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ में 6 से 12 मार्च, 2022 तक आयोजित 'अन्तर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह' में राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने सहभागिता करते हुये महिला अध्ययन केन्द्र की महिलाओं को अच्छे कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र तथा संविदा कर्मियों के बच्चों को पौष्टिक आहार और बैग का वितरण तथा प्रदर्शनी का अवलोकन किया।



अन्तर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह' के शुभारम्भ अवसर पर अपने विचार रखते हुए मा0 राज्यपाल।



संविदा कर्मियों के बच्चों को पौष्टिक आहार एवं बैग का वितरण करते हुए राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल।



महिला सशक्तीकरण पर लगी प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए मा0 राज्यपाल।

# श्री जय नारायण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय का संस्थापक कार्यक्रम

**लखनऊः 6 मार्च, 2022**

- ❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने श्री जय नारायण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय (के.के.सी.), लखनऊ के संस्थापक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग कर महाविद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को पदक तथा प्रमाण पत्र का वितरण किया।
- ❖ महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका "ज्योति किरण" तथा 4 जर्नल के साथ विद्यालय के चार शिक्षकों द्वारा लिखी 4 पुस्तकों का विमोचन भी किया।



मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए मा0 राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल



मेधावी छात्रा को पदक देकर सम्मानित करते हुए मा0 राज्यपाल




वार्षिक पत्रिका "ज्योति किरण" तथा 4 जर्नल का विमोचन करते हुए मा0 राज्यपाल एवं अन्य।

**"शिक्षा प्रत्येक राष्ट्र के लिए विकास और सशक्तीकरण का आधार है। अच्छी शिक्षा के द्वारा ही समाज में प्रेम, सद्भाव और मानवता का संदेश फैलाया जा सकता है।"**

**-आनंदीबेन पटेल**

## राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान, लखनऊ का भ्रमण

**लखनऊः 16 मार्च, 2022**

❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान, लखनऊ में फर्न हाउस, मॉस हाउस, कैक्टस हाउस, बोन्साई हाउस, जन उद्भवन केन्द्र, जुरासिक गैलरी तथा साइकेड गृह का भ्रमण कर वहां किये जा रहे अनुसंधान कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा पौधे को बोन्साई बनाने की प्रक्रिया को भी जाना।



**पौधे को बोन्साई बनाने की प्रक्रिया का अवलोकन करते हुए मा0 राज्यपाल।**



**विभिन्न अनुसंधान कार्यों का अवलोकन कर जानकारी प्राप्त करते हुए मा0 राज्यपाल।**

## लोक निर्मला सम्मान समारोह

**लखनऊः 30 मार्च, 2022**

❖ सांस्कृतिक संस्था सोनचिरैया द्वारा संगीत नाटक अकादमी, गोमतीनगर, लखनऊ में आयोजित लोक निर्मला सम्मान समारोह में राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की सहभागिता।



**मा राज्यपाल जी प्रसिद्ध लोक गायिका पद्म भूषण डॉ शारदा सिन्हा जी को लोक निर्मला सम्मान से सम्मानित करते हुए**

❖ समारोह में बिहार की लोक संस्कृति की प्रसिद्ध लोक गायिका पद्म भूषण डॉ शारदा सिन्हा जी को लोक निर्मला सम्मान एवं पुरस्कार स्वरूप एक लाख रूपये का चेक भेंट।

❖ अमृत महोत्सव के क्रम में आयोजित देशभक्ति गीतों की आडियो-वीडियो प्रतियोगिता देशज में भाग लेने वाले सर्वश्रेष्ठ तीन प्रतियोगियों में से प्रथम पुरस्कार मध्य प्रदेश के रायगढ जिले के रामकुमार सोनी तथा कृष्ण कुमार सोनी को, द्वितीय पुरस्कार पन्ना जिले की वेदिका मिश्रा तथा तृतीय पुरस्कार गोरखपुर की हृदया ने प्राप्त किया।

# नैक मंथन पर दो दिवसीय कार्यशाला

**लखनऊ : 04-05 अप्रैल, 2022**

- राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से डॉ ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ में दो दिवसीय नैक मंथन का शुभारंभ, जिसमें समस्त राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपति शामिल।
- कार्यशाला में नैक टीम द्वारा नैक आवेदन के समस्त सात मानदण्डों पर बिन्दुवार दी गई जानकारी।
- विश्वविद्यालयों को नैक मूल्यांकन के निर्धारित मापदण्डों के अनुसार अपनी तैयारी करने के निर्देश।
- विश्वविद्यालय के कुलपतिगण बेहतर नैक रैंकिंग प्राप्त करने के लिए आपस में जानकारियों को साझा करें।



नैक मंथन पर आयोजित कार्यशाला में अपने विचार रखते हुए माननीय राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल।



नैक की कार्यशाला में कुलपतियों को प्रशिक्षण देते हुए नैक के अधिकारी।

''भारत युवाओं का देश है, पूरे विश्व की तुलना में हमारे देश में एक बड़ी युवाशक्ति है। विश्वविद्यालय ऐसे युवा तैयार करें जो विश्व में प्रतिनिधित्व करें। ऐसी शिक्षा दें जिससे हमारे देश के बच्चे भारत के विचारों, संस्कृति को विश्वस्तर पर ले जाएं। कुलपतिगण अपने कार्य में एक आदर्श शिक्षक बनें और अपने अधीनस्थों को सिखाने के साथ-साथ उन पर भरोसा भी करें। हर कुलपति की जिम्मेदारी है कि वह अपनी सेवानिवृत्ति से पहले अपने बाद के अधिकारियों को कार्य विशेषज्ञता तथा निपुणता का ज्ञान प्रदान करे''

-आनंदीबेन पटेल

# राज्यपाल का जनपदीय भ्रमण (गोण्डा)

**गोण्डा 15 फरवरी, 2022**

- ❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने जनपद गोण्डा में स्वामी नारायण छपिया धाम मंदिर पहुँचकर भगवान घनश्याम का दर्शन किया।
- ❖ पूजन के बाद मन्दिर परिसर स्थित प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया तथा पठन-पाठन की जानकारी ली और स्कूल को माडल स्कूल के रूप में विकसित करने के निर्देश जिलाधिकारी को दिये।
- ❖ इस अवसर पर राज्यपाल जी ने लन्दन से आये हरिभक्त रोहित भाई मेहता की ओर से भक्ति कुल और धर्म कुल के लोगों को कम्बल और किट प्रदान किये।



जनपद गोण्डा के छपिया स्थित स्वामी नारायण मंदिर परिसर का भ्रमण कर श्रद्धालुओं से भेंट करते हुए राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल।



छपिया प्राथमिक विद्यालय के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करते हुए मा0 राज्यपाल।

# राज्यपाल का जनपदीय भ्रमण (आगरा)

**आगरा : 29 मार्च, 2022**





आगरा स्थित दयालबाग एजुकेशनल इंस्टीट्यूट के तत्वावधान में आयोजित महिलाओं की स्किलिंग प्रदर्शन का अवलोकन एवं बच्चों से मिलते हुए।

# जनपद आगरा के आंगनवाड़ी केन्द्रों को सुविधा सम्पन्न बनाने की पहल

**आगरा : 29 मार्च, 2022**



**आंगनबाड़ी केन्द्रों के उपयोगार्थ सामग्री प्राप्त करने वाली कार्यकत्रियों के साथ मा0 राज्यपाल व अन्य।**

❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा से सम्बद्ध 28 महाविद्यालयों और जिला प्रशासन, आगरा के सहयोग से 101 आंगनवाड़ी केन्द्रों को सुविधा सम्पन्न बनाने हेतु रू. 52.50 लाख की सामग्री का वितरण।

❖ वितरित की गयी सामग्री में दो ट्राईसाइकिल, तीन झूले वाले घोड़े, पांच-पांच नम्बर्स, अंग्रेजी और हिन्दी अल्फाबेट, फल, एनीमल्स, ब्लॉक्स, पजेल्स, बाल, क्ले (गोलियां बनाने के लिए), रिंग्स, रस्सी, प्ले बुक, स्टोरी बुक (पंचतंत्र की कहानियां), एजूकेशनल मैप, स्टैण्डर्ड ह्वाइट बोर्ड, मार्कर, डस्टर, स्टील के 5 किलोग्राम के स्टोरेज, वजन मशीन, फर्स्ट एड बाक्स, 24 बर्तन के सेट जिसमें थाली, कटोरे, ग्लास और चम्मच शामिल है, एक ह्वाइट गेज, हैंड वॉश, चार टेबल और 24 कुर्सियां शामिल।

❖ गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, बच्चों को अन्नप्राशन और उन्हें पोषण सामग्री का वितरण।



**आंगनबाड़ी केन्द्रों के उपयोगार्थ सामग्री का वितरण करते हुए मा0 राज्यपाल।**



**बच्चे को अन्नप्राशन कराते हुए मा0 राज्यपाल।**

# राज्यपाल का जनपदीय भ्रमण (मथुरा)

**मथुरा : 21 एवं 22 फरवरी, 2022**

- ❖ राज्यपाल जी ने मथुरा में श्री द्वारिकाधीश मन्दिर, राधावल्लभ लाल जी मन्दिर, वृन्दावन, बांके बिहारी लाल मन्दिर, वृन्दावन, प्रेम मन्दिर, वृन्दावन, रमणरेती मंदिर का दर्शन किया।
- ❖ गोकुल स्थित रसखान समाधि एवं प्रसिद्ध कवित्री कृष्णभक्त ताज बीबी की समाधि स्थल का अवलोकन।
- ❖ मथुरा पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय में स्थापित आई0डी0पी0 बिल्डिंग तथा बकरी फार्म एवं दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र अनुसंधान का भ्रमण एवं निरीक्षण।
- ❖ राजकीय संग्रहालय मथुरा का भ्रमण कर वहाँ संरक्षित गन्धार, कुषाण, सूर्य, बुद्ध, कृष्ण बलराम, प्रस्तर युगीन उपकरण, ताम्र युगीन आयुद्ध एवं उपकरण, उत्तर गुप्त, शुंग एवं मौर्य कालीन मृणमूर्तियां का अवलोकन।



**मा0 राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल मथुरा के गोकुल स्थित रमणरेती मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए।**



**गोकुल स्थित रसखान की स्माधि स्थल का भ्रमण करते हुए राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल।**



**पं. दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान मथुरा में 'गोट फार्म' की लैब में विशेषज्ञों से जानकारी प्राप्त करते हुए मा0 राज्यपाल।**



**मथुरा में डेम्पीयर नगर स्थित राजकीय संग्रहालय में विभिन्न पौराणिक मूर्तियों का अवलोकन करते हुए मा0 राज्यपाल।**

## आई0आई0टी0 रूड़की विश्वविद्यालय की स्थापना के 175 वर्ष पूर्ण करने पर समारोह

**लखनऊ, 23 अप्रैल, 2022**

❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आई0आई0टी0 रूड़की एल्यूमनी एसोसिएशन के लखनऊ चैप्टर द्वारा आई0आई0टी0 रूड़की विश्वविद्यालय की स्थापना के 175 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में आयोजित 'उल्लास ग्लोबल थोमसो 175' समारोह में सहभागित की।



**आई0आई0टी0 रूड़की के पुरा छात्रों को सम्बोधित करते हुए मा0 राज्यपाल जी।**

## डॉ. आंबेडकर उत्कृष्टता केंद्र का शुभारंभ

**वाराणसी : 22 अप्रैल, 2022**

❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल और माननीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री, भारत सरकार डा0 विरेन्द्र कुमार ने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान संस्थान स्थित शताब्दी कृषि प्रेक्षागृह में आयोजित समारोह में डॉ. आंबेडकर उत्कृष्टता केंद्र का शुभारंभ किया, जो अनुसूचित जाति के छात्रों को मुफ्त कोचिंग प्रदान करेगा।



# जनपद वाराणसी के आंगनबाड़ी केन्द्रों को सुविधा सम्पन्न बनाये जाने की पहल

**वाराणसी : 22 अप्रैल, 2022**

- राज्यपाल जी की प्रेरणा से जनपद वाराणसी में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी एवं ए0के0टी0यू0 लखनऊ के सहयोग से 65 आंगनबाड़ी केन्द्रों को सुविधा सम्पन्न बनाए जाने हेतु रू. 29.25 लाख की आवश्यक वस्तुओं का वितरण।
- वितरित सामग्री में ट्राई साइकिल, झूले वाला घोड़ा, नंबर्स, एबीसीडी, फल, एनिमल्स, ब्लाक्स, एजेल्स, बाल, क्ले, रिंग्स, रस्सी, स्टोरी बुक, एजुकेशनल मैप, हैंड वाश, वाइट बोर्ड, स्टील के स्टोरेज, हाइज गेज, वजन मशीन, प्ले बुक, फसर्ट एड बॉक्स, टेबल, कुर्सी, 24 सेट बर्तन (थाली, कटोरी ग्लास) आदि शामिल।




**आंगनबाड़ी केन्द्रो के लिए उपयोगी सामानों की किट प्राप्त करने वाली कार्यकत्रियों के साथ राज्यपाल जी।**



**आंगनबाड़ी कार्यकत्री को बच्चों हेतु आवश्यक सामग्री प्रदान करते हुए मा0 राज्यपाल।**

"आंगनवाड़ी केन्द्रों को पढ़ने, लिखने, बैठने एवं खेलने की सामग्री मिलने से बच्चे उत्साहपूर्वक आंगनवाड़ी केन्द्र पर आंएगे। मेरी अपील है की कि संस्थाओं द्वारा जिन आंगनवाड़ी केन्द्रों को सुदृढ़ एवं सुविधा सम्पन्न बनाने का प्रयास किया जा रहा है वह उनकी समय-समय पर मानीटरिंग भी करें।"

–श्रीमती आनंदीबेन पटेल

# राज्यपाल का जनपदीय भ्रमण (शामली)

**सहारनपुर 29 अप्रैल, 2022**

- ❖ शामली में जलालपुर स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र का निरीक्षण, विभागीय एवं स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी, गन्ना तकनीकी पार्क, गन्ना पादप स्वास्थ्य क्लीनिक का अवलोकन तथा 01 लाभार्थ को ट्रैक्टर की चाबी, तीन स्वयं सहायता समूहो तथा दो किसान संगठनों (FPO) को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।
- ❖ सरदार बल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा स्वयं सहायता समूह के सदस्यों, महिला कृषकों, कृषक उत्पादक संगठन, जैविक एवं प्राकृतिक खेती करने वाले कृषकों से संवाद।
- ❖ शामली में सखी वन स्टाप सेंटर, बनत का निरीक्षण व महिलाओं कों फल वितरण।
- ❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने जिला संयुक्त चिकित्सालय, जनपद शामली में केन्द्र सरकार एवं महिला एवं बाल विकास विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित योजनाओं, प्लेटलेट डोनेशन, सर्वाइकल कैंसर पर जागरूकता और रोकथाम हेतु समीक्षा बैठक की।



कृषक लाभार्थी को ट्रैक्टर की चाबी चाबी प्रदान करते हुए राज्यपाल जी।



स्वयं सहायता समूह की महिला को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए मा0 राज्यपाल।



जनपद शामली में स्थित सखी वन स्टाप सेंटर बनत पर महिलाओं को फल वितरित वितरित करते हुए राज्यपाल जी।




जनपद संयुक्त चिकित्सालय शामली में सर्वाइकल कैंसर बचाव टीकाकरण शिविर में आयी छात्राओं से मुलाकात करते हुए मा0 राज्यपाल।

# जनपद शामली के आंगनबाड़ी केन्द्रों को सुविधा सम्पन्न बनाने की पहल

**शामली 29 अप्रैल, 2022**





❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से जनपद शामली में जिला प्रशासन तथा बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के तत्वावधान में आयोजित 'अनूठी पहल' कार्यक्रम में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ ने 25, इण्डियन इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन शामली ने 10, व्हील एक्सल एण्ड एग्रीकल्चर मैनुफैक्चरिंग एसोसिएशन, शामली ने 05, ग्लोबल शांति केयर हॉस्पिटल, शामली ने 05, लार्ड विश्वकर्मा चौरिटेबल ट्रस्ट, शामली ने 05 और एच0डी0एफ0सी0 बैंक, शामली ने 05, इस प्रकार कुल 75 आंगनबाड़ी केन्द्रों को सुविधा सम्पन्न बनाने हेतु गोद लेकर रू. 42 लाख की शिक्षण, खेलकूद एवं पोषण सामग्री का वितरण।



जनपद शामली में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सम्बोधित करते हुए मा0 राज्यपाल।

# राज्यपाल का जनपदीय भ्रमण (सहारनपुर)

सहारनपुर 28 अप्रैल, 2022



सरकारी योजनाओं, प्लेटलेट्स डोनेशन एवं किशोरियों में सर्वाइकल कैंसर की जागरुकता के सम्बन्ध में बैठक की अध्यक्षता करती हुए मा0 राज्यपाल।

- ❖ महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं तथा जिला स्वास्थ्य समिति के तत्वावधान में प्लेटलेट्स डोनेशन एवं किशोरियों में सर्वाइकल कैंसर की जागरूकता रोकथाम हेतु समीक्षा बैठक।
- ❖ कार्यक्रम में बच्चों को पोषण सामग्री, दिव्यांग लाभार्थियों को सहायता उपकरण तथा आवास योजनाओं के लाभार्थियों को घरों की चाबी का वितरण।
- ❖ सखी वन स्टाप सेन्टर पर घरेलू हिंसा, पारिवारिक विवाद, छेडछाडत्र, ऐसिड अटैक, बाल विवाह, दहेज इत्यादि से पीडित महिलाओं को एक ही छत के नीचे पुलिस सहायता, चिकित्सीय सहायता, विधिक सहायता तथा कौशल विकास सहित अन्य सुविधायें उपलब्ध।
- ❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी ने जनपद सहारनपुर में सिद्धपीठ माँ शाकुम्भरी देवी मंदिर में दर्शन कर पूजा अर्चना की।
- ❖ जिला चिकित्सालय परिसर में स्थित सखी वन स्टाप सेन्टर का निरीक्षण तथा समस्याओं के निराकरण के निर्देश।



दिव्यांग लाभार्थियों को बैटरी चालित ट्राई साइकिल वितरित करते हुए राज्यपाल जी।



जनपद सहारनपुर में आवास योजनाओं के लाभार्थियों को घरों की चाबी प्रदान करते हुए मा0 राज्यपाल।



बच्चों को पोषण सामग्री वितरित करते हुए मा0 राज्यपाल।



जिला चिकित्सालय परिसर में स्थित सखी वन स्टाप सेन्टर पर अभिलेखों का निरीक्षण करते हुए मा0 राज्यपाल।

''शैक्षणिक संस्थानों को रक्तदान-प्लेटलेट दान जैसे मानव जीवन उपयोगी मुहिम से जोड़ना चाहिए। मानव-जीवन को बचाने में इसकी कमी को सिर्फ दान के द्वारा नैसर्गिक रूप से ही प्राप्त किया जा सकता और इसके दान से कोई शारीरिक क्षति भी नही होती हैं, ये स्वत: शरीर में फिर बन जाता है।''

–श्रीमती आनंदीबेन पटेल

## जनपद सहारनपुर के आंगनबाड़ी केन्द्रों को सुविधा सम्पन्न बनाने की पहल

- उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से जनपद सहारनपुर में 57 आंगनवाड़ी केन्द्रों को 07 संस्थानों ने सुविधा सम्पन्न बनाने हेतु गोद लिया तथा बच्चों के लिए रू. 27.26 लाख की पठन-पाठन सामग्री तथा खेल-कूद सामग्री प्रदान की।



जनपद सहारनपुर में आंगनबाड़ी कार्यकत्री को आंगनवाड़ी केन्द्रों के उपयोगार्थ सामग्री प्रदान करते हुए मा0 राज्यपाल।

''बाल्यावस्था में हम जो सीखाते हैं, उसकी छाप हमारे मन में बनी रहती है और बहुत हद तक हमारे सार्वजनिक जीवन को प्रभावित करती है। इसलिए मेरा मानना है कि आंगनबाड़ी केन्द्रों को आकर्षक होना चाहिए और उसके बाहरी और अन्दर की दीवार पर सुन्दर और शिक्षाप्रद चित्र होने चाहिए। सुसज्जित आंगनबाड़ी केन्द्र निश्चित ही बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रों के प्रति आकर्षित करेंगे''''

–श्रीमती आनंदीबेन पटेल

सहारनपुर 29 अप्रैल, 2022



'एक जनपद एक उत्पाद' योजना से सम्बन्धित वुडकाविंग की 02 इकाईयों का निरीक्षण करते हुए मा. राज्यपाल।

सहारनपुर 30 अप्रैल, 2022



जनपद सहारनपुर में मोक्षायतन योग संस्थान के 49 वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में मोक्षायतन योग संस्थान का सर्वोच्च सम्मान प्राप्त करते हुए मा0 राज्यपाल जी।

## दिल्ली में क्षय रोग निवारण विषय पर बैठक

दिल्ली 9 मार्च, 2022




स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिल्ली में आयोजित क्षय रोग निवारण विषयक बैठक में सहभागिता करती हुई उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल।

''भारत को एक ऐसा देश बनाना है, जहाँ गांव शहर का अन्तर न के बराबर हो, जहां सभी के लिए संसाधनों की समान उपलब्धता हो, जहां हर किसी को बेहतर स्वास्थ्य सेवा और अच्छी शिक्षा मिले।''

–श्रीमती आनंदीबेन पटेल

# राज्यपाल का कर्नाटक राज्य का भ्रमण

कर्नाटक 28 फरवरी, 2022



कर्नाटक में 'द तेजस इंटरनेशनल एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन' का उद्घाटन करते हुए मा0 राज्यपाल।




'द तेजस इंटरनेशनल एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन' के उद्घाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए मा0 राज्यपाल।

# राज्यपाल का दमन भ्रमण

दमन : 08 मार्च, 2022



नानी, दमन के विवेकानंद स्टेडियम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल।

# राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद की कर्नाटक में बैठक

**बैंगलुरू, कर्नाटक : 2 एवं 3 मार्च, 2022**

- ❖ उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में बैंगलुरू, कर्नाटक में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद की बैठक सम्पन्न।
- ❖ बैठक में 59 प्रपत्रों के माध्यम से, विश्वविद्यालयों में भर्तियों (recruitment), कुलपति पद की नियुक्तियों के साथ-साथ विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा।
- ❖ इस अवसर पर पुस्तक 'योग संस्थानों के लिए नियमावली और उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा संस्थानों की राज्यवार विश्लेषण' का विमोचन।



**राज्यपाल की अध्यक्षता में बैंगलुरू, कर्नाटक में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन की बैठक।**



**पुस्तक 'योग संस्थानों के लिए नियमावली और उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा संस्थानों की राज्यवार विश्लेषण' का विमोचन करती हुई मा0 राज्यपाल एवं अन्य।**



**परिषद की बैठक में अध्यक्षीय भाषण**

**'योग विज्ञान पर आधारित सूक्ष्म आध्यात्मिक अनुशासन है, जो मन और शरीर के बीच सामंजस्य स्थापित करता है।'**

**-श्रीमती आनंदीबेन पटेल**

# राज्यपाल का गुजरात भ्रमण

**गुजरात : 8 मार्च 2022**





**गुजरात के सूरत स्थित गजेरा मोटा वराछा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित ' अंतर्राष्ट्रीय महिला सम्मेलन-2022 भक्ति और शक्ति का समन्वय' कार्यक्रम में राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने सहभागिता की तथा महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों का अवलोकन किया।**

**सूरत ,गुजरात 26 मार्च, 2022**





**समस्त पाटीदार आरोग्य संस्था, सूरत द्वारा संचालित किरण मेडिकल कालेज के भूमि पूजन में सहभागिता करते हुए राज्यपाल जी।**

**03 मार्च, 2022**

❖ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने गुजरात के सूरत में आयोजित तीन दिवसीय क्राफ़्टरूट्स प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में भारत के 10 राज्यों के कारीगरों के हस्तकला का प्रदर्शन एवं बिक्री हुई।



इन्द्रधनुष

# माँ का आशीर्वाद

08 मई 'मातृत्व दिवस' पर विशेष





माँ तेरा आशीर्वाद मुझे
पग पग पर राह दिखाता है
बनकर कवच तेरा आँचल
हर दुख से मुझे बचाता है

सर पर तेरा हाथ रहे माँ
और कोई दरकार नहीं है
माँ बच्चों के प्यार से बढ़कर
जग में कोई प्यार नहीं है
तेरा ममतामयी चेहरा
मेरी आँखों में मुसकाता है....1

बाहर की दुनियों में तो माँ
धोखे और जंजाल बहुत हैं
झूठ, फरेब है मक्कारी है
बिखरे मायाजाल बहुत हैं
पर तेरी दुआओं से बच्चा तेरा
मात कभी ना खाता है ....2

उँगली पकड़कर चलना सिखाया
अब मेरी रफ्तार देख माँ
गिनती और हिसाब सिखाया
अब मेरा विस्तार देख माँ
पर तेरे हाथ का खाया निवाला
आज भी भूख मिटाता है...3

माँ मन्दिर है, माँ मस्जिद है
गीता और कुरान है माँ
माँ काशी है, माँ काबा है
वाहेगुरू, भगवान है माँ
माँ के चरणों में है स्वर्ग
हर धर्म ग्रन्थ समझाता है...4

माँ, इतना आशीष मुझे देना
मुझे अपना फर्ज निभाना है
मुझे जन्म भूमि और जननी का
एक संग ही कर्ज़ चुकाना है
जिस पर माँ कृपा करती है
इतिहास नए गढ़ जाता है

**कुलदीप सिंह**
निरीक्षक, उ0प्र0पु0
आर.आई. आफिस, राजभवन, लखनऊ।
9415181436

# नारी एक, रूप अनेक



मुझे गर्व है कर्मशील, कर्तव्यनिष्ठ मैं नारी हूँ।
माता, पत्नी, बेटी-बहन के रूप में इक फुलवारी हूँ।

राजनीति, इतिहास-पुस्तकें नारी बिना अधूरी है,
नारी बिन तकनीक और विज्ञान विधा नहीं पूरी है।
न्यायाधीश के रूप में न्याय करने की अधिकारी हूँ।
मुझे गर्व है कर्मशील, कर्तव्यनिष्ठ मैं नारी हूँ।

अर्थव्यवस्था रहे बराबर, घर हो चाहे देश हो।
परिस्थिति सामान्य बनाती, कैसा भी परिवेश हो।
कुशल प्रबंधक हूँ मैं और एक कुशल व्यापारी हूँ।।
मुझे गर्व है कर्मशील, कर्तव्यनिष्ठ मैं नारी हूँ।

जीवन साथी सफल हुए तो नारी का ही हाथ रहा।
घर और बाहर, दुख और सुख में हर इक पल का साथ रहा।
तन, मन, धन से हूँ मैं समर्पित, ऐसी सदाचारी हूँ।
मुझे गर्व है कर्मशील, कर्तव्यनिष्ठ मैं नारी हूँ।

परिवार दायित्व के संग-संग देश का मान बढ़ाती हूँ।
आवश्यकता पड़ने पर मैं फाइटर प्लेन उड़ाती हूँ।
अपनी प्रतिभाओं के कारण, अपने देश की प्यारी हूँ।।

मुझे गर्व है कर्मशील, कर्तव्यनिष्ठ मैं नारी हूँ।
मुझे गर्व है कर्मशील, कर्तव्यनिष्ठ मैं नारी हूँ।
माता, पत्नी, बेटी-बहन के रूप में इक फुलवारी हूँ।

**रीता यादव**
निजी सचिव (ग्रेड-1)
राजभवन, लखनऊ
मोबाईल : 9454468254

# फोटो गैलरी

01 अप्रैल, 2022



मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से दिल्ली में राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की सौजन्य भेंट।

22 अप्रैल, 2022



मॉरीशस के मा. प्रधानमंत्री श्री प्रविंद जुगनाथ से वाराणसी में मा. राज्यपाल ने शिष्टाचार भेंटकर स्मृति चिन्ह भेंट किया।

31 मार्च, 2022



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की दिल्ली में गृहमंत्री श्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट।

31 मार्च, 2022



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन ने दिल्ली में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान से शिष्टाचार भेंट की।

02 मार्च, 2022



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन की राजभवन, बेंगलुरू में कर्नाटक के राज्यपाल श्री थावरचंद गहलोत से शिष्टाचार भेंट।

19 फरवरी, 2022



उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से राजभवन, लखनऊ में सिक्किम के राज्यपाल श्री गंगा प्रसाद ने शिष्टाचार भेंट कर स्मृति चिन्ह प्रदान की।

# फोटो गैलरी

21 फरवरी, 2022



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से राज्यभवन लखनऊ में केरल के राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खान की शिष्टाचार भेंट।

21 मार्च, 2022



मा. राज्यपाल से राजभवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें 'मन मानस में राम' नामक पुस्तक भेट करते हुए।

27 अप्रैल, 2022



मा. राज्यपाल से राजभवन में इण्डोनेशिया के सामाजिक कार्यकर्ता पद्मश्री श्री आगुस इन्द्र उदयन ने शिष्टाचार भेंट की।

21 मार्च, 2022



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से राजभवन में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेश बिंदल शिष्टाचार मुलाकात करते हुए।

24 मार्च, 2022



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से राजभवन में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री स्वतंत्रदेव सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमण्डल ने भेंट की।

24 मार्च, 2022



मा. राज्यपाल से पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के विधायक दल के नेता श्री योगी आदित्यनाथ ने भेंट कर प्रदेश में सरकार बनाने का दावा पेश किया।

# फोटो गैलरी

26 मार्च, 2022



विधानसभा सदस्य श्री रमापति शास्त्री को नवगठित विधान सभा के प्रोटेम स्पीकर के लिए पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाती हुईं मा0 राज्यपाल।

26 मार्च, 2022



नई विधान सभा के नव निर्वाचित सदस्यों को सदन में शपथ दिलाने हेतु नामित विधान सभा सदस्य श्री सुरेश कुमार खन्ना, श्री जय प्रताप सिंह, श्री राम पाल वर्मा एवं श्री माता प्रसाद पाण्डेय को शपथ दिलाती हुईं मा0 राज्यपाल।

25 मार्च, 2022



उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से राजभवन में उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल श्री राम नाईक ने शिष्टाचार भेंट की।

30 मार्च, 2022



मा. राज्यपाल से राजभवन में प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष श्री सतीश महाना ने शिष्टाचार भेंट की।

11 मार्च, 2022



प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री अजय कुमार शुक्ला सहित अन्य अधिकारियों ने राज्यपाल से भेंटकर उत्तर प्रदेश की नई विधान सभा के गठन की अधिसूचना तथा समस्त 403 नवनिर्वाचित सदस्यों की सूची प्रस्तुत की।

20 मार्च, 2022



मा0 राज्यपाल से 'द कश्मीर फाइल्स' फिल्म के निर्माता, निर्देशक एवं अन्य कलाकारो ने भेंट की।

# फोटो गैलरी

21 फरवरी, 2022



गुजरात से लखनऊ भ्रमण पर आर्यी महिला सदस्यों से बातचीत करतीं मा0 राज्यपाल।

26 मार्च, 2022



अर्थ आवर्स डे के मौके पर राजभवन ने एक घण्टे
गैर जरूरी लाइट बंद कर सहभाग किया

03 मार्च, 2022



मा0 राज्यपाल जी के अपर मुख्य सचिव श्री महेश कुमार गुप्ताा
प्रथम राज्यपाल सरोजिनी नायडू की पुण्यतिथि पर मा0 राज्यपाल की
ओर से उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए।

09 फरवरी, 2022



राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आशुतोष चंद्र पाण्डेय की
पुस्तक 'जरा सी देर लगती है' का विमोचन किया।

21 मार्च, 2022



मा0 राज्यपाल जी ने आनंद कुमार मिश्र की पुस्तक बाल कहानी संग्रह
'बोलता बचपन' का विमोचन किया

# समाचार पत्रों में पुष्प प्रदर्शनी



## राजभवन में प्रदर्शनी देखने उमड़े युवा

लखनऊ। राजभवन में चल रही प्रादेशिक शाक-भाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी के दूसरे दिन शनिवार को लोगों ने भ्रमण किया। प्रदर्शनी शुरू होने से पहले ही लोग अन्दर जाने के लिए लाइन लगा चुके थे। लोगों ने फूल, फल और सब्जी की विविध किस्में देखने के साथ ही पैदावार के तरीके भी पूछे। मस्ती और उमंग के बीच युवाओं ने फूलों से बनी आकृतियों के साथ फोटो क्लिक किए और खेती की नई तकनीक से जुड़ी जानकारियां भी बटोरी। प्रदर्शनी में यूपी के सभी जिलों से आए किसानों ने स्टॉल लगाए हैं। जिसमें औषधीय पौधों की काफी डिमांड है।

राजभवन में चल रही प्रादेशिक शाक-भाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी के दूसरे दिन शनिवार को युवाओं ने प्रदर्शनी की सैर की, फूलों संग सेल्फी भी ली।



## Salad veggies, exotic fruits major attraction at annual exhibition



## FLOWERS IN FULL BLOOM

TRAFFIC CURBS FOR FLOWER SHOW



## फूलों से मिलकर महकी बहार



## फूल और सब्जियों की कलाकृतियों ने लुभाया

लखनऊ। राजभवन के लॉन में चल रही 53वीं प्रादेशिक शाकभाजी, पुष्प प्रदर्शनी के दूसरे दिन शनिवार को फूलों से बनी कलाकृतियों ने दर्शकों को खासा आकर्षित किया। परिसर में बतख, पेंगुइन, मेट्रो का सिंबल भी फूलों से बना है। रविवार को प्रदर्शनी का समापन होगा। यहां जौनपुर की विशाल मूली लाई गई है, जिसे देखने के लिए शनिवार को दर्शक पहुंचे। प्रदेश के हर जिले के फल, सब्जी और फूलों को दर्शाया गया है। यहां एस्टर, कॉसमॉस, दहेलिया, गेंदा, गुलाब, सूरजमुखी, रजनीगंधा के फूलों के भी गमले लगे हुए हैं। सजावट दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। सेल्फी पॉइंट पर शनिवार को भीड़ रही। (माई सिटी रिपोर्टर)



## फूलों ने बिखेरी खुशबू, महकी राजभवन की बगिया

फूलों की खूबसूरत कलाकृतियों को निहारते रहे दर्शक



City Plus

## HUES OF POSITIVITY



## फूलों और फलों से सजा राजभवन



## फूलों और फलों से फिर सजा राजभवन



## किसानों की खुशहाली से देश होगा समृद्ध : राज्यपाल

# समाचार पत्रों में राजभवन



आवाज विशेष — सोमवार, 14 फरवरी 2022 — 8

## सेवा-भाव से नये भारत का निर्माण करें : आनंदीबेन

दैनिक जागरण

## स्कूल की शैक्षिक व्यवस्था को और बेहतर बनाएं

राज्यपाल ने छपिया में भगवान घनश्याम महाराज का किया दर्शन, प्राथमिक विद्यालय-प्रथम विद्यालय का किया निरीक्षण

दैनिक जागरण

## सभी स्कूलों में पढ़ाई जाए मातृभाषा : राज्यपाल

अमर उजाला

## यूपी को शिक्षा का विश्वस्तरीय हब बनाना है : राज्यपाल

### शिक्षा विभाग का बजट प्राप्त करने के लिए समय से प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए

लखनऊ। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने प्रदेश को विश्वस्तरीय शिक्षा का हब बनाने के लिए केंद्र सरकार की ओर से शिक्षा के लिए उपलब्ध कराए जाने वाले बजट का योजनाबद्ध और समयबद्ध उपयोग करने को कहा है। उन्होंने उच्च शिक्षण संस्थानों में अनुपयोगी संसाधनों को बेसिक और माध्यमिक विद्यालयों में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

राज्यपाल ने केंद्र के बजट में उप्र के शिक्षा विभाग से संबंधित बजट को प्राप्त करने के लिए समय से प्रस्ताव भेजने और निजी शिक्षण संस्थाओं के सहयोग के लिए भी नियम बनाने के निर्देश दिए हैं। राज्यपाल ने शुक्रवार को राजभवन में केंद्रीय बजट 2022-23 के परिप्रेक्ष्य में शिक्षा विभाग के क्रियान्वयन की योजना की समीक्षा की।

राज्यपाल ने कहा कि केंद्रीय बजट 2022-23 में शिक्षा क्षेत्र को कुल 1,04,278 करोड़ आवंटित किए हैं। उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव … शर्मा ने बताया कि उच्च शिक्षा … गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, डिजिटल … कौशल विकास, शिक्षकों की … प्रशिक्षण, शोध एवं अनुसंधान … बिंदुओं पर विस्तार से योजना … उन्होंने कहा कि आगामी वर्षों में प्रदेश … पर ऑनलाइन शिक्षा में … व्यवस्था विकास के लिए … परिवर्तनों और संसाधन की … की भी रिपोर्ट तैयार की है।

बजट के समुचित उपयोग के लिए नियमों में संशोधन किए जाएं, निजी संस्थाओं से सहयोग के लिए भी नियम बनाएं

## शिक्षा विभाग समय से भेजें बजट प्राप्ति के लिए प्रस्ताव

## किसानों, युवाओं व नारी सशक्तिकरण का बजट : आनंदीबेन

लखनऊ (एसएनबी)। यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने केन्द्रीय बजट को 25 साल की बुनियाद का बजट बताया। बजट में आत्मनिर्भरता भारत का विजन है। किसानों, युवाओं और महिलाओं का बजट है। नारी सशक्तिकरण के लिए मिशन शक्ति, मिशन वात्सल्य, सक्षम आंगनवाड़ी व पोषण 2.0 जैसी योजनाओं का प्रावधान है।

कोरोना काल में केन्द्र सरकार ने बजट में शिक्षण व्यवस्था पर पूरा ध्यान रखा, ताकि गांवों तक विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो सके। इसके लिए 12 चैनलों को बढ़ाकर 200 टीवी चैनल द्वारा कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा की व्यवस्था किया जाना प्रशंसनीय है। इतना ही नहीं, राज्यपाल ने कहा कि बाल शिक्षा को बेहतर करने की दिशा में आंगनबाड़ियों को सक्षम करने की व्यवस्था पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

इस व्यवस्था से बच्चों को प्रारम्भ से ही शिक्षा से जोड़ने के प्रयासों को मजबूती मिलेगी। विश्वविद्यालयों में ऑर्गेनिक खेती से सम्बन्धित पाठ्यक्रम जोड़े जाने की व्यवस्था जनहितकारी …

## राज्यपाल आनंदी बेन ने छात्रों को दिए सफलता के मूलमंत्र

वेटरनरी यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं

### ठाकुर द्वारिकाधीश के दर्शन कर राज्यपाल हुईं प्रफुल्लित

हिन्दी दैनिक, जन एक्सप्रेस। लखनऊ। शुक्रवार। 11 फरवरी 2022

## 'अमृत महोत्सव' नये विचारों, संकल्पों आत्मनिर्भरता का महोत्सव : आनंदीबेन

अपने गौरवशाली इतिहास को याद रखने की जरूरत : राज्यपाल

आजादी में कुर्बानी देने वाले सेनानियों के बारे में युवा पीढ़ी बताने की जरूरत : कैप्टन योगेन्द्र यादव

दीन दयाल उपाध्याय पर लिखी गई पुस्तक …

### राज्यपाल ने 2022 के विजयी खिलाड़ियों को किया सम्मानित

अमर उजाला

### महिलाओं, बच्चों के लिए लगाएं विशेष स्वास्थ्य शिविर




राजभवन में एच.पी.वी. वैक्सीनेशन एवं सर्वाइकल कैंसर जागरूकता शिविर




राजभवन में कोविड-19 बूस्टर डोज़ टीकाकरण शिविर

## राजभवन में फल, शाक-भाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी











मुद्रकः प्रकाश पैकेजर्स, लखनऊ